कुल प्रश्नों की संख्या : 26 ] [ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 9

# XIY-202301

## विषय : लेखाशास्त्र

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 90

निर्देश :

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। निर्धारित अंकों को ध्यान में रखते हुए उत्तर लिखे जायें।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 9 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आंबटित है। उत्तर एक शब्द या एक वाक्य का होना चाहिए।

(3) प्रश्न क्रमांक 10 से 14 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न-I हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। सैद्धान्तिक उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 50 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 15 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न II हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प हैं। सैद्धान्तिक उत्तर की अधिकतम शब्द सीमा 75 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 20 से 24 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

(6) प्रश्न क्रमांक 25 तथा 26 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 8 अंक निर्धारित है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।



https://www.cgboardonline.com

प्रश्न-1. ऐसी सम्पत्ति जो दीर्घकाल तक उपयोग में आती है उसे क्या कहते हैं? (1)

प्रश्न-2. वर्ष के अन्त में शेष स्कंध अगले वर्ष के प्रारम्भ में क्या कहलाता है? (1)

प्रश्न-3. डेबिट प्रमाणक किसे कहते हैं? (1)

प्रश्न-4. सरल रेखा पद्धति के अन्तर्गत वार्षिक ह्रास ज्ञात करने का सूत्र दीजिए। (1)

प्रश्न-5 ह्रास किसे कहते हैं? (1)

प्रश्न-6. सम्पत्तियों एवं दायित्वों का विवरण पत्र क्या कहलाता है? (1)

प्रश्न-7. अन्तिम स्कन्ध को किस मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है? (1)

प्रश्न-8. इकहरी लेखा प्रणाली में पूँजी ज्ञात करने के लिए क्या बनाया जाता है? (1)

प्रश्न-9. कम्प्यूटर का दिमाग .................. कहलाता है। (1)

प्रश्न-10. कम्प्यूटर प्रणाली की विशेषता लिखिए। (कोई तीन) (3)

प्रश्न-11. व्यापार खाता बनाने के क्या उद्देश्य हैं? समझाइये। (3)

प्रश्न-12. व्यापार खाता एवं लाभ-हानि खाते में अंतर बताइये। (कोई तीन) (3)

प्रश्न-13. बैंक समाधान विवरण किसे कहते हैं? (3)

प्रश्न-14. अशुद्धियों के संशोधन के कोई तीन उद्देश्य लिखिए। (3)

प्रश्न-15. लेखांकन के कोई चार उद्देश्य लिखिए। (4)

**अथवा**

पुस्तपालन और लेखांकन में कोई चार अन्तर लिखिए।

प्रश्न-16. **निम्न के आधार पर लेखांकन समीकरण तैयार कीजिए-** (4)

(i) 140000 रु० नकदी व 250,000 रु० स्कन्ध के साथ व्यवसाय प्रारंभ किया।

(ii) 50,000 रु० की लागत का माल, लागत के 25% लाभ पर नकद विक्रय किया।

(iii) बैंक खाते में 180,000 रु० जमा किये।

(iv) दर्शना से 80,000 रु० का माल खरीदा।

**अथवा**



https://www.cgboardonline.com

निम्नलिखित लेन-देनों की मनीष के रोजनामचे में प्रविष्टियाँ कीजिए-

2016

मई-10 विनय को ₹ 100,000 सूची मूल्य का माल 15% व्यापारिक छूट पर बेचा।

मई-13 विनय ने ₹ 4000 सूची मूल्य पर माल वापिस किया।

मई-18 विनय से 5% नकद छूट पर उससे देय राशि प्राप्त की।

**प्रश्न-17. निम्नलिखित व्यवहारों को त्रि-स्तम्भीय रोकड़बही में लिखिए-** (4)

2009 Jan. रोकड़ शेष 15000 रु एवं बैंक शेष 12000 रु

-11-7 बैंक में जमा किया 1000 रु०

-11-15 राकेश से चेक मिला 975 रु०

बट्टा दिया 25 रु०

-11-25 उक्त चेक बैंक में जमा किया

**अथवा**

**निम्न लेन-देनां की सहायता से क्रय वापसी पुस्तक बनाइये-**

2016 जनवरी-5 मैं कार्तिक ट्रेडर्स को ₹ 1200 मूल्य का मान वापिस किया।

-11-10 साहिल (प्रा) लिमि० को ₹ 2500 मूल्य का माल वापिस किया।

-11-17 मै. कोहिनूर ट्रेडर्स को सूची मूल्य ₹ 2000 घटा, 10% व्यापारिक छूट मूल्य का माल वापस किया।

-11-28 मैं० होण्डा ट्रेडर्स को रु. 550 की बाह्य वापसी हुई।

**श्न-18. निम्नलिखित शेषों से तलपट बनाइये-** (4)

बिके हुए माल की लागत ₹ 1,50,000, देनदार रु. 60,000, स्थायी सम्पत्तियाँ 50,000, व्यय रु. 20,000, बिक्री रु. 2,00,000, पूँजी ₹ 91,000



https://www.cgboardonline.com

आहरण रु. 1000, प्रा॰ रहतिया रु.60,000. अन्तिम रहतिया रु. 40,000 लेनदार रु. 30,000

**अथवा**

**निम्नलिखित अशुद्धियों को संशोधित करें-**

(i) पुरानी मशीन के विक्रय को विक्रय खाते में लिख दिया रु.2000/

(ii) यन्त्र की मरम्मत के 400 रु. यंत्र खाते में लिख दिये।

(iii) राकेश को वेतन दिया जो राकेश के खातेनामें हो गया रु.100,

(iv) 2000रु. का फर्नीचर खरीदा जो क्रय खाते में नामें हो गया।

**प्रश्न-19. निम्नलिखित सूचनाओं से आप प्रारम्भिक पूँजी की गणना कीजिए-** (4)

| | |
|---|---|
| वर्ष के अन्त में पूँजी | रु. 6,00,000 |
| वर्ष के दौरान किए गए आहरण | रु. 75,000 |
| वर्ष के दौरान लगाई गई अतिरिक्त पूँजी | रु. 2,10,000 |
| चालू वर्ष का लाभ | रु. 1,40,000 |

**अथवा**

**अतुल अपने व्यवसाय के अधूरे रिकार्ड रखता है। वह आपको निम्नलिखित सूचना देता है-**

| | |
|---|---|
| प्रारम्भिक पूँजी | रु. 2,00,000 |
| अँतिम पूँजी | रु 2,50,000 |
| वर्ष के दौरान आहरण | रु 60,000 |
| वर्ष के दौरान अतिरिक्त पूँजी लगाई | रु. 75,000 |

लाभ-हानि की गणना कीजिए।

**प्रश्न-20.** लेखांकन सिद्धान्तों की विशेषताएँ लिखिए। (

**अथवा**

दोहरा लेखा प्रणाली क प्रमुख दोषों को समझाइये।



https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-21.** 31 दिसम्बर 2000 को निम्नांकित सूचनाओं के आधार पर बैंक समाधान विवरण तैयार कीजिए- **(6)**

(i) रोकड़ बही अनुसार शेष रु 4700

(ii) 25 दिसम्बर को निर्गमित चेक 3000 रु को जनवरी 2001 में भुनाया गया।

(iii) बैंक द्वारा 2500 रु. के विपत्र का भुगतान किया जिसका लेखा रोकड़ बही में नहीं है।

(iv) 800 रु. का एक चेक जो बैंक में जमा किया गया था अप्रतिष्ठित हो गया जिसकी सूचना 2 जनवरी को प्राप्त हुई।

(v) बैंक ने ग्राहकों से सीधे रुपये प्राप्त किये 1200 रु.

**अथवा**

रोकड़ बही के अनुसार शेष 78000 रु हैं। रोकड़ बही व पासबुक की तुलना करने पर निम्न विचलन पाए गए-

| | | |
|---|---|---|
| (i) | चैक जो जमा किए गये परन्तु संग्रहित नहीं हुए | रु. 30,000 |
| (ii) | निर्गमित चेक जिन्हें प्रस्तुत नहीं किया गया | रु 15000 |
| (iii) | बैंक द्वारा बीमे की किस्त का भुगतान | रु. 20,000 |
| (iv) | बैंक द्वारा बैंक ब्याज जमा किया गया। | रु. 4000 |
| (v) | बैंक शुल्क। | रु. 1000 |
| (vi) | ग्राहक द्वारा खाते में सीधा भुगतान। | रु. 40,000 |

बैंक समाधान विवरण बनाइये।

**प्रश्न-22** एक कम्पनी ने रु. 1,00,000 की मशीन जिसमें रु. 10,000 का बॉयलर भी शामिल है क्रय किया। मशीन पर क्रमागत ह्रास पद्धति के आधार पर 10% प्रतिवर्ष की दर से ह्रास काटा जाता है। तीसरे वर्ष के अन्त में बॉयलर बेकार हो गया और इसे रु. 5000 में बेच दिया गया। कम्पनी की पुस्तक में तीन वर्ष का मशीन खाता बनाइये। **(6)**



https://www.cgboardonline.com

**अथवा**

एक यंत्र 1 जनवरी 1998 को 10000 रु. में क्रय किया गया। प्रतिवर्ष 10% वार्षिक की दर से स्थायी किस्त पद्धति से ह्रास लगाया जाता है। 1 जनवरी 2000 को यह निश्चित किया गया कि यंत्र पर उसके क्रय की तिथि से 15% वार्षिक के दर से स्थायी किस्त पद्धति से अवक्षयण किया जाएगा। 1998 से 2000 तक का यंत्र खाता बनाइये

प्रश्न-23 निम्नांकित बाकियों से 31 मार्च 2000 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ-हानि खाता तैयार कीजिए- (6)

| | |
|---|---|
| सकल लाभ | रु. 14200 |
| वेतन | रु. 2400 |
| विक्रय पर भाड़ा | रु. 270 |
| छपाई | रु.130 |
| कार्यालय व्यय | रु. 400 |
| किराया (क्रे.) | रु.200 |
| बट्टा (डे.) | रु. 100 |

**अथवा**

निम्नलिखित सूचनाओं से 31 मार्च 2000 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए व्यापार खाता बनाइये।

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रारंभिक रहतिया | रु. 12000 | क्रय पर भाड़ा | रु.700 |
| क्रय | रु. 70000 | मजदूरी | रु. 2500 |
| क्रय वापसी | रु. 4000 | चुँगीकर | रु. 300 |
| विक्रय | रु. 1,20,000 | कोयला व शक्ति | रु. 1500 |
| विक्रय वापसी | रु 2000 | अन्तिम रहतिया | रु.8000 |

प्रश्न-24. कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली के लाभों का वर्णन कीजिए। (6)

**अथवा**



https://www.cgboardonline.com

आधुनिक डाटाबेस कम्प्यूटर का उपयोग करने से पहले किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए?

**प्रश्न-25.** 1 अगस्त 2000 को सुनील ने अनिल को 6000 रु का माल बेचा तथा भुगतान में 4 माह अवधि वाले विपत्र पर स्वीकृति प्राप्त की। अनिल ने 1 सितम्बर को ही 9% वार्षिक दर पर छूट प्राप्त कर विपत्र का भुगतान कर दिया। दोनों पक्षों की बहियों में जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए। **(8)**

**अथवा**

1 मार्च 2000 को आशा ने राधा को 2000 रु. का माल उधार बेचा और इसके बदले में आशा ने राधा पर 3 माह अवधि का एक विपत्र लिखा जिसे स्वीकार कर लिया गया। 4 मार्च को आशा ने इस विपत्र को अपने बैंक से 6% वार्षिक दर पर भुना लिया। भुगतान तिथि पर विपत्र का भुगतान राधा द्वारा कर दिया गया। दोनों की पुस्तकों में जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए। https://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-26.** **निम्नांकित शेषों से व्यापार खाता एवं लाभ-हानि खाता 31 दिसम्बर 2001 को तैयार कीजिए-** **(8)**

**तलपट**

| **विवरण** | **राशि** | **विवरण** | **राशि** |
|---|---|---|---|
| क्रय | 16500 | पूँजी | 16000 |
| प्रारम्भिक स्कन्ध | 4200 | विक्रय | 25000 |
| विक्रय वापसी | 300 | लेनदार | 2000 |
| देनदार | 4300 | कमीशन | 140 |
| भवन | 10600 | | |
| प्राप्त बिल | 2000 | | |
| वेतन | 1600 | | |
| कर एवं बीमा | 500 | | |



https://www.cgboardonline.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| साधारण व्यय | 600 | | |
| बट्टा | 300 | | |
| क्रय पर भाड़ा | 240 | | |
| आहरण | 600 | | |
| मजदूरी | 1000 | | |
| रोकड़ | 400 | | |
| | **43140** | | **43140** |

**समायोजन-**

(i) अन्तिम स्कन्ध का मूल्य 4500रु. (ii) वेतन 160 रु. मजदूरी 100रु. देना बाकी (iii) बीमा के 45 रु. पूर्वदत्त हैं। (iv) कमीशन के 60रु. मिलने शेष हैं। (v) देनदारों पर 5% संदिग्ध ऋण का आयोजन करें। (v) भवन पर 4% ह्रास करें।

**अथवा**

31 दिसम्बर 2006 को निम्न परीक्षा-सूची से व्यापार खाता और लाभ-हानि खाते तैयार कीजिए-

**परीक्षा सूची**

| विवरण | राशि | विवरण | राशि |
|---|---|---|---|
| वेतन | 4000 | पूँजी | 40000 |
| मजदूरी | 3000 | लेनदार | 7000 |
| फर्नीचर | 5000 | विक्रय | 55000 |
| क्रय | 44000 | क्रय वापसी | 1000 |
| आहरण | 5000 | | |
| यात्रा व्यय | 1500 | | |
| अशोध्य ऋण | 500 | | |



https://www.cgboardonline.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| विक्रय वापसी | 500 | | |
| रोकड़ शेष | 5000 | | |
| देनदार | 5000 | | |
| प्रा॰ रहतिया | 9500 | | |
| भवन | 2000 | | |
| | **103000** | | **103000** |

**समायोजन-**

(i) अंतिम स्कंध 15000 (ii) अदत्त वेतन 250 रु. (iii) अग्रिम यात्रा व्यय 200रु. (iv) देनदान पर 5 संचय (v) फर्नीचर पर ह्रास 10%

**https://www.cgboardonline.com**
**Whatsapp @ 9300930012**
**Send your old paper & get 10/-**
**अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**



https://www.cgboardonline.com